# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024 (ANNUAL)

Sub. Code - 106/206/306

**HINDI (Compulsory)**

**समय : 03 घंटा 15 मिनट** **हिन्दी (अनिवार्य)** **पूर्णांक :– 100**

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**I.Sc. & I.Com.**

**कुल प्रश्नों की संख्या : 100+6 = 106**

**Total no. of Questions : 100+6 = 106**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है, **खण्ड–अ** एवं **खण्ड–ब**।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिये गए सही विकल्प को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर–पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। (50 x 1 =50)

1. 'उसने कहा था' – शीर्षक कहानी में सूबेदारनी ने युद्ध भूमि में अपने पति और पुत्र को बचाने के लिए किससे कहा था ?

(A) लहना सिंह से (B) वजीरा सिंह से

(C) कीरत सिंह से (D) बोधा सिंह से

2. 'संपूर्ण क्रांति भाषण' निम्न में से किसने दिया था ?

(A) जयप्रकाश नारायण (B) नामवर सिंह

(C) भगत सिंह (D) जे० कृष्णमूर्ति

3. 'ओ सदानीरा' शीर्षक निबंध निम्न मे ंसे किस रचनाकार का है ?

(A) मोहन राकेश (B) जगदीशचंद्र माथुर

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) मलयज

4. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा निम्न में से किनकी रचना है ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि (B) उदय प्रकाश

(C) नामवर सिंह (D) जे० कृष्णमूर्ति

5. 'शिक्षा' निम्न में से किनकी रचना है ?

(A) नामवर सिंह (B) जे० कृष्णमूर्ति

(C) उदय प्रकाश (D) मलयज



BiharboardQuestionpaper.com

6. 'जायसी' की रचना निम्न में से कौन है ?

(A) पद्मावत
(B) उर्वशी
(C) बीजक
(D) अधिनायक

7. 'जहाँ भय है, वहाँ मेधा नहीं हो सकती' – यह कथन किस लेखक का है ?

(A) जे० कृष्णमूर्ति
(B) उदयप्रकाश
(C) मोहन राकेश
(D) मलयज

8. 'सूरदास' के पद में कौन रस नहीं पाया जाता है ?

(A) वीर रस
(B) वात्सल्य रस
(C) भक्ति रस
(D) शृंगार रस

9. 'हिन्दी साहित्य का सूर्य' किसे कहा जाता है ?

(A) तुलसीदास को
(B) कबीरदास को
(C) सूरदास को
(D) जायसी को

10. पठित पाठ के आधार पर 'पंचायती राज' में क्या खो गया है ?

(A) ईमानदारी
(B) पंचपरमेश्वर
(C) ग्राम पंचायत
(D) विश्व–बंधुत्व

11. 'एक लेख और एक पत्र' में भगत सिंह ने निम्न में से किसको पत्र लिखा था ?

(A) सुखदेव
(B) चन्द्रशेखर आजाद
(C) राजगुरू
(D) बिस्मिल

12. जयशंकर प्रसाद की नाट्यकृति निम्न में से कौन है ?

(A) ध्रुवस्वामिनी
(B) कोणार्क
(C) आधे–अधूरे
(D) आषाढ़ का एक दिन



BiharboardQuestionpaper.com

13. 'तार सप्तक' का प्रकाशन वर्ष है –

(A) 1943 (B) 1940

(C) 1945 (D) 1942

14. सुभद्रा कुमारी चौहान के पिता निम्न में से कौन हैं ?

(A) ठाकुर हरिनाथ सिंह (B) ठाकुर रामनाथ सिंह

(C) ठाकुर जगमोहन सिंह (D) ठाकुर नामवर सिंह

15. 'सेकसरिया पुरस्कार' निम्न में से किनको मिला है ?

(A) सुभद्रा कुमारी चौहान (B) सरोजनी नायडू

(C) मीराबाई (D) महादेवी वर्मा

16. 'अर्द्धनारीश्वर' हिन्दी साहित्य की कौन विधा है ?

(A) निबंध (B) कहानी

(C) नाटक (D) आलोचना

17. 'सरोज–स्मृति' शीर्षक रचना की कौन विधा है ?

(A) देशभक्ति गीत (B) लोकगीत

(C) शोकगीत (D) भक्तिगीत

18. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का जन्म–स्थान कहाँ है ?

(A) जयपुर (B) पटना

(C) वाराणसी (D) देहरादून

19. रामधारी सिंह दिनकर का जन्म–स्थान है ?

(A) सिमरिया, बेगूसराय (B) लमही, वाराणसी

(C) गुलेर, काँगड़ा (D) सिरही, उत्तर प्रदेश



BiharboardQuestionpaper.com

20. 'संस्कृति के चार अध्याय' के रचयिता निम्न में से कौन हैं ?

(A) नामवर सिंह (B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) रामधारी सिंह दिनकर (D) जयशंकर प्रसाद

21. 'अज्ञेय' का जन्म–स्थान कहाँ है ?

(A) कुशीनगर, उत्तर प्रदेश (B) लमही, वाराणसी

(C) जयपुर, राजस्थान (D) बेगूसराय, बिहार

22. जगदीश चंद्र माथुर का जन्म–स्थान है

(A) शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश (B) जयपुर, राजस्थान

(C) बेगूसराय, बिहार (D) कुशीनगर, उत्तर प्रदेश

23. 'मोहन राकेश' के बचपन का नाम क्या था ?

(A) मदन मोहन गुगलानी (B) राधामोहन गुगलानी

(C) कृष्ण गुगलानी (D) राकेश गुगलानी

24. रामधारी सिंह दिनकर को उनकी किस कृति पर 'भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार' मिला था?

(A) उर्वशी (B) रश्मिरथी

(C) कुरूक्षेत्र (D) रेणुका

25. हिन्दी कहानी के विकास में 'मील का पत्थर' निम्न में से कौन कहानी है ?

(A) शिक्षा (B) उसने कहा था

(C) तिरिछ (D) रोज

26. 'हजारा सिंह' किस कहानी का पात्र है ?

(A) तिरिछ (B) रोज

(C) जूठन (D) उसने कहा था



BiharboardQuestionpaper.com

27. 'कल, देखते नहीं यह रेशम से कढ़ा हुआ सालू' – यह उक्ति किस शीर्षक पाठ से है?

(A) उसने कहा था | (B) ओ सदानीरा

(C) तिरिछ | (D) जूठन

28. 'महेश्वर' किस कहानी के पात्र हैं ?

(A) रोज | (B) जूठन

(C) तिरिछ | (D) ओ सदानीरा

29. 'कुंती' किस एकांकी की पात्रा है ?

(A) सिपाही की माँ | (B) आधे–अधूरे

(C) लहरों के राजहंस | (D) आषाढ़ का एक दिन

30. 'कविता के नये प्रतिमान' के रचयिता निम्न में से कौन हैं ?

(A) मलयज | (B) उदय प्रकाश

(C) नामवर सिंह | (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि

31. 'सच है, जब तक मनुष्य बोलता नहीं तब तक उसका गुण–दोष प्रकट नहीं होता'– यह उक्ति किस शीर्षक पाठ से है ?

(A) बातचीत | (B) रोज

(C) तिरिछ | (D) जूठन

32. 'डॉ० अंबेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार' निम्नलिखित में से किनको मिला है ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि | (B) नामवर सिंह

(C) मलयज | (D) जे० कृष्णमूर्ति

33. 'इनसे ये न कराओ ... भूखे रह लेगें ... इन्हें इस गंदगी में ना घसीटो' – यह उक्ति किस शीर्षक पाठ से है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) रोज (B) जूठन

(C) तिरिछ (D) शिक्षा

34. पंडित राम औतार वैद्य एवं पिताजी किस कहानी के पात्र हैं ?

(A) तिरिछ (B) रोज

(C) जूठन (D) ओ सदानीरा

35. 'जसवीर और जनेसर' किस आत्मकथा के पात्र हैं ?

(A) जूठन (B) रोज

(C) शिक्षा (D) बातचीत

36. 'प्रेमाख्यानक काव्य–धारा' के कवि निम्न में से कौन हैं ?

(A) सूरदास (B) कबीरदास

(C) जायसी (D) तुलसीदास

37. 'गाढ़ी प्रीति नैन जल भेई' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) सूर के पद (B) कड़बक

(C) तुलसी के पद (D) छप्पय

38. 'कलि कराल दुकाल दारून, सब कुभाँति कुसाजु' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है?

(A) तुलसी के पद (B) छप्पय

(C) हार–जीत (D) पुत्र–वियोग

39. 'डरा हुआ मन बेमन जिसका बाजा रोज बजाता है' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है?

(A) पुत्र–वियोग (B) हार–जीत

(C) अधिनायक (D) उषा



BiharboardQuestionpaper.com

40. ‘कि जिन बुलौओं से, गाँव के घर की रीढ़ झुरझुराती है’ – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) अधिनायक (B) गाँव का घर

(C) उषा (D) हार–जीत

41. ‘जिस पुरूष में नारीत्व नहीं, अपूर्ण है’ – यह उक्ति किस शीर्षक पाठ से है ?

(A) अर्धनारीश्वर (B) रोज

(C) तिरिछ (D) ओ सदानीरा

42. ‘ओ सदानीरा’ शीर्षक पाठ में किस नदी की चर्चा है ?

(A) गंगा नदी (B) यमुना नदी

(C) गंडक नदी (D) कोशी नदी

43. ‘आज तक तो सुना नहीं था कि काँटों के चुभने से मर जाते हैं .....’ – किस शीर्षक पाठ की पंक्ति है ?

(A) हँसते हुए मेरा अकेलापन (B) रोज

(C) तिरिछ (D) जूठन

44. ‘तिरिछ’ कहानी किस प्रकार की रचना है ?

(A) मनोवैज्ञानिक (B) आदर्शवादी

(C) आध्यात्मिक (D) जादुई यथार्थवादी

45. ‘ग्रेंग्रीन’ शीर्षक रचना के रचयिता निम्न में से कौन हैं ?

(A) अज्ञेय (B) मुक्तिबोध

(C) मलयज (D) उदय प्रकाश

46. ‘तिरिछ’ शीर्षक पाठ में तिरिछ क्या है ?

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

(A) विषैला कीड़ा (B) खिलौना

(C) सिपाही (D) नदी

47. 'दलित साहित्य का सौंदर्यशास्त्र' के रचयिता निम्न में से कौन हैं ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि (B) मुक्तिबोध

(C) नामवर सिंह (D) जे० कृष्णमूर्ति

48. पुंडलीकजी का संबंध निम्न में से किस रचना से है?

(A) रोज (B) ओ सदानीरा

(C) तिरिछ (D) बातचीत

49. 'सिपाही की माँ' एकांकी में निम्न में से कौन पात्रा नहीं है ?

(A) कुंती (B) मुन्नी

(C) बिशनी (D) मालती

50. 'उन दिनों गाँव में मरने वाले पशुओं को उठाने का काम भी चूहड़ों के जिम्मे था' – यह पंक्ति किस पाठ से है ?

(A) रोज (B) उसने कहा था

(C) तिरिछ (D) जूठन

51. 'बिना वेतन के' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) अवैतनिक (B) वैतनिक

(C) मानदेय (D) प्रतिमान

52. 'कलम की कमाई खाने वाला' के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) मसिजीवी (B) दीर्घजीवी

(C) अल्पजीवी (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

53. 'जहाँ पुस्तकें छपती हों' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) टंकणालय (B) गौशाला

(C) निर्माणशाला (D) मधुशाला

54. 'जल में रहने वाली सेना' के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) नौसेना (B) भू सेना

(C) वीर सेना (D) हवाई सेना

55. 'जो फल आहार करता है' – के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) फलाहारी (B) शाकाहारी

(C) माँसाहारी (D) सर्वाहारी

56. 'छात्रों के रहने का स्थान' के लिए एक शब्द क्या है ?

(A) छात्रावास (B) धर्मशाला

(C) कोचिंग संस्थान (D) महाविद्यालय

57. 'राजदूत' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) बहुव्रीहि

(C) तत्पुरूष (D) द्विगु

58. 'यथाशक्ति' शब्द कौन समास है ?

(A) अव्ययीभाव (B) कर्मधारय

(C) द्वन्द्व (D) तत्पुरूष

59. 'भला–बुरा' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) द्वन्द्व

(C) द्विगु (D) बहुव्रीहि



BiharboardQuestionpaper.com

60. 'दोपहर' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु
(B) द्वन्द्व
(C) कर्मधारय
(D) बहुव्रीहि

61. 'माँ–बाप' शब्द कौन समास है ?

(A) द्वन्द्व
(B) अव्ययीभाव
(C) बहुव्रीहि
(D) द्विगु

62. 'चतुरानन' शब्द कौन समास है ?

(A) बहुव्रीहि
(B) द्वन्द्व
(C) नञ्
(D) तत्पुरूष

63. 'बुढ़ापा' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) भाववाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) समूहवाचक
(D) द्रव्यवाचक

64. 'पाटलिपुत्र' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) जातिवाचक
(C) द्रव्यवाचक
(D) समूहवाचक

65. 'गुच्छा' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक
(B) जातिवाचक
(C) व्यक्तिवाचक
(D) भाववाचक

66. 'चीनी' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक
(B) व्यक्तिवाचक
(C) द्रव्यवाचक
(D) समूहवाचक


BiharboardQuestionpaper.com

67. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) आशीर्वाद (B) आर्शीवाद

(C) आर्सीवाद (D) अशीर्वाद

68. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन है ?

(A) प्रशंसा (B) प्रशाद

(C) प्रनाम (D) समीती

69. 'इतिहास' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) ऐतिहासिक (B) इतिहासिक

(C) एतिहासिक (D) इतिहासक

70. 'लोक' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) लोकपरक (B) लौकिक

(C) लोकिक (D) लालिमा

71. 'भारत' का विशेषण क्या है ?

(A) भारती (B) भारतीय

(C) भरतीया (D) भारतिय

72. 'खून–पसीना एक करना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) बहुत परिश्रम करना (B) युद्ध करना

(C) उल्टा काम करना (D) क्रोधित होना

73. 'ईंट से ईंट बजाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) विकास करना (B) मदद करना

(C) लड़ाई करना (D) अनहोनी होना



BiharboardQuestionpaper.com

74. 'गाल बजाना' मुहावरे का अर्थ क्या है ?

(A) डींग हाँकना (B) उदास होना

(C) चाल चलना (D) शर्म करना

75. 'अग्नि' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) पावक (B) हय

(C) व्योम (D) बाजि

76. 'कपड़ा' शब्द का पर्यायवाची क्या है ?

(A) वस्त्र (B) पद्मान

(C) सिलाई (D) कमीज

77. 'काजल' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

78. 'आत्मा' शब्द क्या है ?

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं।

79. 'प्राण' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं।

80. 'पुरस्कार' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) सम्मान (B) दंड

(C) आदर (D) पारिश्रमिक



BiharboardQuestionpaper.com

81. 'अनुराग' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) विराग (B) प्रहार

(C) प्रेम (D) समाहार

82. 'कृपा' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) करूणा (B) दया

(C) कोप (D) आशीर्वाद

83. 'गणतंत्र' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) राजतंत्र (B) वितंत्र

(C) परतंत्र (D) गुलामी

84. 'साकार' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) निराकार (B) अतिकार

(C) बेकार (D) इनमें से कोई नहीं

85. 'दक्षिण' शब्द का विलोम क्या है ?

(A) उत्तर (B) पूर्व

(C) पश्चिम (D) दिशा

86. 'नीलकमल' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

87. 'थोड़ा पानी' किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) सार्वनामिक (B) प्रविशेषण

(C) परिमाणबोधक (D) गुणवाचक



BiharboardQuestionpaper.com

88. 'जगन्नाथ' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) जगत् + नाथ
(B) जग + नाथ
(C) जग + अनाथ
(D) जगत + नाथ

89. 'विद्यार्थी' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) विद्या + अर्थी
(B) विद्या + र्थी
(C) विदा + आथी
(D) इनमें से कोई नहीं

90. 'दिगम्बर' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) दिक + अंबर
(B) दिक् + अम्बर
(C) दिगम् + बार
(D) दिक + अंबार

91. 'मदिरालय' शब्द का संधि–विच्छेद क्या है ?

(A) मंदिर + आलय
(B) मदिरा + आलय
(C) मदिर + आलय
(D) मद + आलय

92. 'अनजान' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) अ
(B) अन
(C) अन्
(D) अनज

93. 'पुरातन' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) पु
(B) पुरा
(C) उ
(D) पुर

94. 'प्रतिनिधि' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) प्रति
(B) प्रतिनि
(C) प्रत
(D) धि



BiharboardQuestionpaper.com

95. 'उपभाषा' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) उ (B) उप

(C) उपमा (D) उपभा

96. 'विशेष' शब्द में उपसर्ग क्या है ?

(A) विष (B) विश

(C) वि (D) बीस

97. 'सुकर्म' शब्द में उपसर्ग क्या है?

(A) सु (B) सू

(C) सुक (D) सुकम

98. 'मैं स्वयं खा लूँगा' – यह किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक (B) संबंधवाचक

(C) निजवाचक (D) अनिश्चयवाचक

99. 'बेईमान' शब्द है ?

(A) देशज (B) विदेशज

(C) तत्सम (D) तद्भव

100. 'लिंग' के हिन्दी में कितने प्रकार है ?

(A) दस (B) चार

(C) दो (D) पाँच

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 1X8=8

(i) हमारे प्रिय उत्सव

(ii) मेरे प्रिय कवि

(iii) विज्ञान के चमत्कार

(iv) वन–संरक्षण

(v) आरक्षण–नीति

(vi) मोबाईल और विद्यार्थी

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2X4=8

(i) ''आदमी यथार्थ को जीता ही नहीं, यथार्थ को रचता भी है।''

(ii) ''कितने क्रूर समाज में रह रहे हैं हम, जहाँ श्रम का कोई मोल नहीं, बल्कि निर्धनता को बरकरार रखने का षडयंत्र ही था यह सब।''

(iii) ''फिर भी कोई कुछ न कर सका
छिन ही गया खिलौना मेरा
मैं असहाय विवश बैठी ही
रही उठ गया छौना मेरा।''

(iv) ''आशामयी लाल – लाल किरणों से अंधकार
चीरता सा मित्र का स्वर्ग एक :
जन–जन का मित्र एक।''

BiharboardQuestionpaper.com

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें..



BiharboardQuestionpaper.com

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन–पत्र लिखें, जिसमें किसी पर्यटन स्थल पर घूमने जाने का अनुरोध हो। 1X5=5

अथवा

ए.टी.एम. कार्ड हेतु बैंक–प्रबंधक के पास एक आवेदन–पत्र लिखें।

4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें : 5X2=10

(i)मानक स्वयं को वहशी और जानवर से भी बढ़कर क्यों कहता है ?

(ii) जहाँ भय है वहाँ मेधा नहीं हो सकती। क्यों ?

(iii) 'धरती का क्षण' से क्या आशय है ?

(iv) प्यार का इशारा और क्रोध का दुधारा से क्या तात्पर्य है ?

(v) हृदय की बात का क्या अर्थ है ?

(vi) तुलसी ने अपने किन–किन दुर्गणों का बखान किया है ?

(vii) भगत सिंह ने कैसी मृत्यु को 'सुंदर' कहा है ?

(viii) कबीर विषयक छप्पय में नाभादास ने कबीर के बारे में क्या कहा है ?

(ix) सुभद्रा जी के पति के व्यक्तित्व के बारे में बताएँ।

(x) नदियों की वेदना का क्या कारण है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) 'बातचीत' के संबंध में बेन जॉनसन और एडीसन के क्या विचार हैं ?

(ii) 'संपूर्ण क्रांति' पाठ का सारांश लिखिए।

(iii) 'रोज' कहानी में कहानीकार ने किस प्रकार मालती की अंतःस्थिति व बाह्य स्थिति का वर्णन किया है ?



BiharboardQuestionpaper.com

(iv) सूरदास के प्रथम पद का भावार्थ लिखिए।

(v) 'उषा' शीर्षक कविता का भाव स्पष्ट करें।

(vi) 'क्लर्क की मौत' शीर्षक कहानी का सारांश लिखें।

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1X4=4

(i) अँग्रेजी पढ़ना खराब नहीं है, पर अँग्रेजी पढ़कर अँग्रेज हो जाना खराब है। अँग्रेजी पढ़कर अपने देश को, अपनी भाषा को अपनी संस्कृति को भूल जाना खराब है। यह बात इसलिए कह रहा हूँ कि आज के अधिकतर अँग्रेजी पढ़े–लिखे सज्जन अपने देश की प्रत्येक चीज को हीन दृष्टि से देखते हैं। उसकी आलोचना करते हैं और उसे अपनाने में अपनी मान–हानि समझते हैं। पर्व को ही लीजिए। पढ़े–लिखे लोग कहते हैं कि यह, स्त्रियों का ढ़ोंग है, यह पंडितों का पोंग है। पर्व बेकार है, पर्व फिजूल खर्ची है। पर्व–त्योहार अंध भक्तों का पेशा है। अंध–भक्ति इंसानों के विकास–पथ का रोड़ा है। अंध–भक्ति से मनुष्य का विकास गति रूक जाती है।

(ii) राजनीतिक दाँव–पेंच के इस युग में चुनाव व्यवसाय बना है। चुनाव में मतदाताओं को ठगने एवं उनको मायाजाल में फँसाने के लिए रंग–बिरंगे, लोभ–लुभावन वायदे किये जाते हैं। गरीबी हटाने, बेरोजगारी मिटाने, सड़क बनवाने, विद्यालय खुलवाने, नौकरी दिलवाने, आरक्षण लागू करवाने आदि अनेक प्रकार के झूठे वायदे चुनाव के समय किये जाते हैं। गरीबी हटाने और बेरोजगारी को हटाने के लिए उद्योगों की स्थापना करनी होगी। वायदों और जुमलेबाजी की रंगीन परिकल्पनाओं से मतदाता की आस्था धीरे–धीरे समाप्त होने लगी है।



BiharboardQuestionpaper.com